प्रेस नोट

दिनाँक- 23.06.2025

रिक्रूट आरक्षियों के प्रशिक्षण व्यवस्था का अपर पुलिस अधीक्षक हमीरपुर द्वारा निरीक्षण।

आज दिनांक 23 जून 2025 को पुलिस लाइन हमीरपुर में उत्तर प्रदेश पुलिस, आरक्षी सीधी भर्ती के अंतर्गत रिक्रूट आरक्षियों को दी जा रही प्रशिक्षण व्यवस्था का निरीक्षण अपर पुलिस अधीक्षक जनपद हमीरपुर द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान रिक्रूट आरक्षियों को उनके कर्तव्यों एवं उत्तरदायित्वों के प्रति जागरूक करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।

उन्होंने निर्देशित किया कि समस्त रिक्रूट आरक्षी निर्धारित समय पर पूर्ण अनुशासन एवं निर्धारित ड्रेस में प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिभाग सुनिश्चित करें। निरीक्षण के दौरान यह भी सुनिश्चित किया गया कि प्रशिक्षण व्यवस्था पूर्णतः सुरक्षित, व्यवस्थित एवं प्रभावी हो। महोदय द्वारा प्रशिक्षण के दौरान आने वाली समस्याओं की जानकारी लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए, जिससे प्रशिक्षण में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो एवं रिक्रूट आरक्षी आत्मविश्वास के साथ अपने प्रशिक्षण को पूर्ण करें।